www.sakshieducation.com

A-BRL-M-QVCA

# लोक प्रशासन / PUBLIC ADMINISTRATION

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>*Time allowed : Three Hours* | अधिकतम अंक : 250<br>*Maximum Marks : 250* |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in two **SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.*



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

खण्ड A

SECTION A

Q1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 150 शब्दों से अधिक न हो :

(a) पारंपरिक लोक प्रशासन ने "एक मूलतः असमाधेय समस्या — प्रभावी होने के लिए पर्याप्त मज़बूत प्रशासन बनाने लेकिन इतना भी मज़बूत नहीं कि जवाबदेही के लिए ख़तरा हो जाए — किस प्रकार से हल कर ली थी"?

(b) 'संगठनात्मक अक्षमता' के सिद्धान्त के दो अलग-अलग और सुस्पष्ट चेहरे हैं । इस बात पर क्रिस आर्गाइरिस के विचारों का परीक्षण कीजिए ।

(c) "वैश्वीकृत लोक प्रशासन में, पद-सोपान जितनी नैतिक समस्याओं का समाधान निकालता है, उससे ज़्यादा समस्याओं को वह पैदा कर देता है ... ।" टिप्पणी कीजिए ।

(d) नव-उदारवादी काल में, लोक प्रशासन आंतरिक जवाबदेही के उपकरणों से कम और बाह्य जवाबदेही के उपकरणों से ज़्यादा नियंत्रित होता है । सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

(e) इस विचार पर चर्चा कीजिए कि "न्यायाधिकरणों को कार्यपालिका से उसी मात्रा में स्वतंत्रता प्राप्त होनी चाहिए कि जितनी उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों को प्राप्त है, विशेषकर उन न्यायाधिकरणों को जो उच्च न्यायालयों के प्रकार्यों पर निगरानी रखते हैं ।"

Answer the following questions in not more than 150 words each : 10×5=50

(a) How did traditional public administration "resolve a fundamentally irresolvable problem — creating an administration strong enough to be effective but not so strong enough to endanger accountability"? 10

(b) The theory of 'organizational incompetence' has two separate and distinct faces. Examine Chris Argyris' views on this. 10

(c) "In the globalized public administration, hierarchy creates more ethical problems than it solves ... ." Comment. 10

(d) Public Administration in the neo-liberal era is governed less by instruments of internal accountability and more by those of external accountability. Elaborate. 10

(e) Discuss the view that "tribunals should have the same degree of independence from the executive as that enjoyed by the Supreme Court and the High Courts, especially for those tribunals that look over the functions of High Courts." 10



www.sakshieducation.com

Q2. (a) "नव लोक प्रबंधन शायद न तो जोशीले लोगों के वायदों के अनुसार रक्षक रहा है, और न ही आलोचकों की चिंताओं के अनुसार दानव रहा है ।" चर्चा कीजिए ।

(b) "भौतिक संरचना का डिज़ाइन करने में, संगठन की शरीर रचना सबसे पहले आई, और वस्तुतः यह प्रमुख विचारणीय बात थी ।"

"संगठन सहभागियों के परस्पर संबद्ध सामाजिक व्यवहारों का एक तंत्र होता है ।"

इन कथनों का विश्लेषण कीजिए और प्रशासन सिद्धान्त के लिए उनके अपने-अपने उपागमों के योगदानों का मूल्यांकन कीजिए ।

(a) "New Public Management may have neither been the saviour its enthusiasts promised nor the devil its critics worried it would be." Discuss. 25

(b) "The design of the physical structure, the anatomy of the organization came first, and was indeed the principal consideration."

"An organization is a system of interrelated social behaviours of participants."

Analyse these statements and evaluate the contributions of the respective approaches to administration theory. 25

Q3. (a) "निर्णय 'संगठनों' द्वारा नहीं किए जाते हैं, बल्कि वे संगठनों के सदस्यों के रूप में व्यवहार करते हुए 'मानवों' द्वारा किए जाते हैं ।" अकेले किसी एक कर्मचारी के निर्णयों और संगठनात्मक प्राधिकार के बीच के सम्बन्ध को बर्नार्ड और साइमन किस प्रकार परिकल्पित करते हैं ?

(b) "विभिन्न सार्वजनिक वस्तुएँ और सेवाएँ प्रदान करने के लिए, भिन्न-भिन्न संगठनात्मक व्यवस्थाओं की विविधता का इस्तेमाल किया जा सकता है ।" इस प्रस्थापना की तह में सिद्धान्त को और उसके सम्भाव्य योगदान को स्पष्ट कीजिए ।

(c) संगठनात्मक प्रबंधन द्वारा प्राधिकार के माध्यम से और कर्मचारियों द्वारा उपरिमुखी प्रभाव के प्रयास के माध्यम से, अनुसरण किए जा रहे मनोवैज्ञानिक संविदा की क्या प्रकृति होती है ?

(a) "Decisions are not made by 'organizations', but by 'human beings' behaving as members of organizations." How do Bernard and Simon conceptualize the relation between the decisions of the individual employee and the organizational authority ? 20

(b) "A variety of different organizational arrangements can be used to provide different public goods and services." Explain the theory underlying this proposition and its potential contribution. 15

(c) What is the nature of psychological contract pursued by organizational management through authority and the employees through exertion of upward influence ? 15

A-BRI-M-QVCA



www.sakshieducation.com

**Q4.** (a) संरचनात्मक सिद्धान्त, कमोबेश-रूप से, दक्षता, प्रभाविता और उत्पादिता के क्लासिकी सिद्धांतों में स्थापित है । स्पष्ट कीजिए ।

(b) "लोक नीति का मूल्यांकन करने के लिए आधारिक संकल्पना के रूप में लोकहित अभी भी अपर्याप्त है ।" चर्चा कीजिए ।

(a) Structural theory is, by and large, grounded in classical principles of efficiency, effectiveness and productivity. Explain. 25

(b) "Public interest is still inadequate as a ground concept to evaluate public policy." Discuss. 25

www.sakshieducation.com

A-BRL-M-QVCA

## खण्ड B

## SECTION B

Q5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 150 शब्दों से अधिक न हो :

(a) "तुलनात्मक लोक प्रशासन आधुनिक संगठन सिद्धान्त के समान और भिन्न दोनों है ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

(b) "संगठनात्मक विश्लेषण में, सदैव ही लिंग कहीं न कहीं से बीच में आ जाता है ।" (गोल्डनर) । तर्क प्रस्तुत कीजिए ।

(c) प्रशासनिक संभ्रांत वर्गवाद क्या होता है ? यह लोक प्रशासन में किस प्रकार विकसित हो जाता है ? ऐतिहासिक उदाहरणों के हवाले के साथ अपनी अनुक्रिया को सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

(d) अधिकतर विकासशील देशों में ई-सरकार परियोजनाओं की सफलता दर कुछ निम्न ही कही जाती है । कारण का आकलन कीजिए ।

(e) आयोजना प्रोग्रामन बजटन और शून्य-आधारित बजटन के पतन के पश्चात्, बजटीय क्षमता और अक्षमता के कौन-से नए मॉडल उभर कर आए हैं ?

Answer the following questions in not more than 150 words each : *10×5=50*

(a) "Comparative Public Administration both resembles and differs from modern organization theory." Elaborate. Systems Theory *10*

(b) "In organizational analysis there is always gender around." (Gouldner). Argue. *10*

(c) What is administrative elitism ? How does it evolve in public administration ? Elaborate your response with reference to historical examples. Admns. reforms. *10*

(d) The success rate of e-government projects in most developing countries is stated to be rather low. Assess the reason. *10*

(e) What new models of budgetary capacity and incapacity have emerged after the decline of Planning Programming Budgeting and Zero-based Budgeting ? *10*

Q6. (a) "सहभागिता के लिए जो लोग सुभाषित 'साझी शक्ति' का इस्तेमाल करते हैं, उनके मार्गदर्शन के लिए उपयुक्त साहित्य व्यावहारिक राजनीति है, न कि संगठन और प्रबंधन ।"

"परस्पर प्रबलनकारी और अनुपोषक के रूप में, सहभागी लोकतंत्र और अनुक्रियात्मक सरकार दोनों का विकास करने के लिए, मज़बूत राज्य और मज़बूत नागरिक समाज की आवश्यकता होती है ।"

लोक सहभागिता के साथ जुड़े हुए मिथकों और वास्तविकताओं को उजागर कीजिए ।

A-BRL-M-QVCA



www.sakshieducation.com

(b) "अधिकांश मामलों में, अफ्रीका, एशिया और लातीनी अमेरिका के राष्ट्रों के नए सिरे से स्वतंत्र हुए राज्य, अपनी भिन्नताओं के बावजूद संक्रमण काल में हैं ।" (फैरल हैडी) । उनके प्रशासनिक प्ररूपों (संस्कृतियों) की विशिष्टताओं के सूचक कौन-से साझे अभिलक्षण हैं ?

(c) "विनियामक ढाँचे के बारे में बात करना, शासन के बारे में बात करना है ।" इस कथन का लोक-निजी भागीदारियों के संदर्भ में विश्लेषण कीजिए और विनियमन के तत्त्वों की पहचान कीजिए ।

(a) "For those who use the euphemism of 'shared power' for participation, the appropriate literature for guidance is practical politics, not organization and management."

"Strong state and strong civil society are the need to develop both participatory democracy and responsive government—as mutually reinforcing and supportive."

Bring out the myths and realities associated with public participation. 20

(b) ".... in most cases .... newly independent states, of the nations of Africa, Asia and Latin America, despite their differences .... are in transition." (Ferrel Heady). What common features are indicative of characteristics of their administrative patterns (cultures) ? 15

(c) "To talk about the regulatory framework is to talk about governance." Analyse the statement in the context of public-private partnerships and identify the elements of regulation. 15

Q7. (a) "आर्थिक सुधार, राज्य के द्वारा अपनी रासों को पूरी तरह से छोड़ देने में अनिच्छुक होने के साथ, आगे बढ़ते हुए कार्य हैं ।" भारत में आर्थिक सुधारों के कार्यान्वयन के संदर्भ में इस कथन पर चर्चा कीजिए ।

(b) "नीति प्रक्रम की संरचना अधिकारीतंत्रीय आयोजना के द्वारा आवश्यक तरीके से नहीं की गई थी ।"

"तर्क के रूप में, वार्धिकता अब नव-उदारवादी राष्ट्रीयता, जो कि बाज़ारों को क्रमिक परिवर्तन और लोकतांत्रिक उदारवाद दोनों के विरुद्ध आरोपित कर देती है, के वैषम्य में खड़ी है ।"

इन दो कथनों का विश्लेषण कीजिए ।

(c) बजट नियतन में, भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमियों, अभिमुखनों एवं हितों वाले कार्यकर्ताओं के बीच, और अल्पकालीन लक्ष्यों और दीर्घकालीन संस्थागत आवश्यकताओं के बीच, तनावों की शृंखला शामिल होती है । चर्चा कीजिए ।

A-BRL-M-QVCA



www.sakshieducation.com

(a) "Economic reforms are a work in progress with the state reluctant to fully relinquish its reins." Discuss the statement with regard to implementation of economic reforms in India. 15

(b) "The policy process was not structured in the way required by bureaucratic planning."

"Arguably, incrementalism now stands most in contrast to neo-liberal nationality that impose markets against both gradual change and democratic liberalism."

Analyse these two statements. 20

(c) Budget allocation involves series of tensions between actors with different backgrounds, orientations and interests and between short-term goals and long-term institutional requirements. Discuss. 15

**Q8.** (a) निम्नलिखित उदाहरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और फिर सुझाइए कि अभिप्रेरण के संगठनात्मक मनोविज्ञान के कौन-से विशिष्ट संदर्श, संबंधित संगठन को, निम्नलिखित चार व्यक्तियों की आवश्यकताओं के संगठन की आवश्यकताओं के साथ तालमेल बैठाने में मदद करेंगे :

(i) श्री A घड़ी की सी समयनिष्ठता से अपने कार्यालय में आता है; अपना कार्य निर्दोष ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से करता है; ऊपर वालों से खुशी-खुशी आदेश लेता है; अपने सहकर्मियों से सम्बन्ध बनाने के लिए अच्छी अनुक्रिया करता है; लेकिन न तो किसी के साथ स्वयं मिलता-जुलता है और न ही किसी के साथ की इच्छा रखता है । इससे भी बड़ी बात यह है कि वह अपने अकेलेपन में नितांत खुश प्रतीत होता है ।

(ii) श्री B वैल्डिंग कर्मशाला में एक दक्ष प्रभारी है । वह बड़ा मिलनसार है और जल्दी ही मित्र बना लेता है, लेकिन उनसे जल्दी ही लड़ भी पड़ता है । परन्तु फिर भी, जब कभी कोई उसको संगठन के नाम पर शांत हो जाने को कहता है, तो वह जल्दी ही मान जाता है ।

(iii) डॉ. C जब कक्षा में पढ़ा रहा होता है, तब पूरी तरह से प्रसन्न और तन्मय होता है और जब उसका कार्यभार बढ़ जाता है और नए क्षेत्रों में हो जाता है, तब भी उसको बुरा नहीं लगता है । लेकिन जब वित्त अनुभाग उसके चिकित्सा बिलों के बारे में आपत्तियाँ उठाता है तब वह गुस्सा हो जाता है; और इस बात पर भी भड़क उठता है कि उच्चतर प्रशासन ने अभी तक उसको पूर्ण कार्यकाल नहीं दिया है ।

(iv) श्री D इस्पात संयंत्र की ढलाई (गढ़ाई) कर्मशाला में धातुविज्ञानी है, और उसको पारंपरिक मिश्रधातुओं के रूपांतरण में अपने नवाचारों के लिए सम्मान प्राप्त हुए हैं । वह पेंट भी अच्छा करता है और अपने पेंटिंग कौशलों को अपने धातुकर्म से अधिक महत्त्व देता है और वह नितांत नाखुश है कि कंपनी की गृह पत्रिका ने अपने मुख-पृष्ठ पर उसकी जल रेखाकृति को आखिरकार नहीं छापा था ।





www.sakshieducation.com

(b) मान लीजिए कि भारत सरकार जंगलों से घिरी हुई और नृजातीय समुदायों से बसी हुई एक पर्वत घाटी में एक बाँध का निर्माण करने पर विचार कर रही है । सम्भाव्य अनिश्चितताओं और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं का सामना करने के लिए, उसको नीति विश्लेषण के किन तर्कसंगत तकनीकों का आश्रय लेना चाहिए ?

(a) Read the following instances carefully and suggest what specific perspectives on organizational psychology of motivation would help the concerned organization to reconcile the needs of the following four persons with the needs of the organization : *30*

(i) Mr. A comes to his office with clocklike punctuality; does his work with impeccable honesty and integrity; takes order from above gladly; responds well to overtures by peers; but neither mixes with anyone himself nor seeks anyone's company. What is more, he seems quite happy in his isolation.

(ii) Mr. B is an efficient charge-hand at the welding shop. He is very outgoing and makes friends fast, but falls out with them very fast too. He is, however, easily pacified when anyone asks him to calm down in the name of the organization.

(iii) Dr. C is completely happy and absorbed when he is teaching in the classes, and does not at all mind when his workload gets heavier and covers new areas. But he gets angry when the finance section raises objections about his medical bills; and is furious that the higher administration is yet to give him full tenure.

(iv) Mr. D is a metallurgist in the forge shop of the steel plant, and has received honours for his innovativeness in modifying conventional alloys. He also paints well and values his painting skills far more than his metallurgy and is extremely unhappy that the company house journal did not finally carry his water sketch on its front cover.

(b) Suppose the Government of India is thinking of constructing a dam in a mountain valley girded by forests and inhabited by ethnic communities. What rational techniques of policy analysis should it resort to for coping with likely uncertainties and unforeseen contingencies ? *20*

A-BRL-M-QVCA



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**A–BRL–M–QVCB**

# लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र–II)

| समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल आठ प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर की भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# PUBLIC ADMINISTRATION (PAPER–II)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्न में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दें :
Attempt the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) "चार्टर ऐक्ट, 1853 से ही भारत में संसदीय व्यवस्था प्रारम्भ हुई।" स्पष्ट करें।
"The Charter Act of 1853 marked the beginning of parliamentary system in India." Explain.

(b) "लोक सेवा निष्पक्षता, विधिसम्मत सिद्धान्तों के अनुपालन पर आधारित है।" टिप्पणी करें।
"Civil service neutrality is founded on the application of the principles of Rule of Law." Comment.

(c) "पंचायती राज संस्थाओं में दूसरी पीढ़ी के सुधारों ने पंचायतों को स्थानीय स्तर पर विकास का माध्यम बनाने के स्थान पर राजनैतिक संस्था बना दिया है।" विवेचना करें।
"The second generation reforms in the Panchayati Raj institutions have changed Panchayats from an agency of development at local level into a political institution." Discuss.

(d) "भारत में आर्थिक आयोग सांख्यिकी के संकलन का काम करता है।" टिप्पणी करें।
"Finance Commission in India performs the job of statistics aggregation." Comment.

(e) "नियोजन से समस्याओं को विस्तृत व वैज्ञानिक रूप से समझने में सहायता मिलती है।" इस कथन का योजनाकरण की विधि के संदर्भ में परीक्षण करें।
"Planning enables comprehensive and scientific understanding of problems." Examine the statement in the context of planning methodology.

2. (a) "स्थापित तरीकों, विशेषज्ञता, नेतृत्व, स्पष्ट लक्ष्य से बंधी नौकरशाही अभिकरण आपदा प्रबंधन से जूझने के लिए आदर्श नहीं है।" इस कथन का आपदा प्रबंधन में प्रशासनिक लचीलेपन की आवश्यकता के संदर्भ में परीक्षण करें। (लगभग *250* शब्दों में)
"Bureaucratic agencies, characterized by established procedures, specialization, leadership, clear objectives, are not ideal to handle disaster management." Examine with reference to the need for administrative flexibility in managing disasters. (In about *250* words) 20

(b) "पश्चिम की उदार लोकशाही विचारधारा ने भारतीय संविधान के मूल्य स्तम्भों के स्वरूप को प्रभावित किया है।" विवेचना करें। (लगभग *250* शब्दों में)
"The liberal-democratic ideology of the West influenced the shaping of value premises of the Indian Constitution." Discuss. (In about *250* words) 20

(c) "लोक क्षेत्र उद्यमों के लिए स्वायत्तता एक काल्पनिक कथा है।" राजनीतिज्ञों द्वारा, जो सरकार को विभिन्न स्तरों पर नियंत्रित करता है, सरकारी खर्चे के व्यवहार के संदर्भ में विश्लेषण करें। (लगभग *150* शब्दों में)
"Autonomy to public sector undertakings is a myth." Analyse in the context of the use of government expenditures by politicians who control governments at different levels. (In about *150* words) 10



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**3.** *(a)* "बिना पुलिस की राय जाने कानून बना दिए जाते हैं और फलस्वरूप उनके अनुपालन के समय बहुत-सी कमियाँ नज़र आती हैं।" बच्चों की सुरक्षा के संदर्भ में पुलिस की भूमिका का परीक्षण करें। (लगभग *250* शब्दों में)

"Laws are enacted without involving the police in the conception stage, with the result implementation of these laws leaves much to be desired." Examine the role of police in protection of children. (In about *250* words) 20

*(b)* "केन्द्रीय सचिवालय, केन्द्रीय विषयों के प्रशासन और सरकार के विभिन्न क्रियाकलापों में समन्वय स्थापना के लिए, केन्द्रक अभिकरण है।" विवेचना करें। (लगभग *250* शब्दों में)

"Central Secretariat is the nodal agency for administering the Union subjects and establishing coordination among the various activities of the government." Discuss. (In about *250* words) 20

*(c)* क्या राज्यपाल के कार्यालय को समाप्त करने की आवश्यकता है? गठबंधन सरकारों के संदर्भ में परीक्षण करें। (लगभग *150* शब्दों में)

Is there a need to dispense with the Office of the Governor? Examine in the context of coalition governments. (In about *150* words) 10

**4.** *(a)* "भारतीय संघवाद में केन्द्रीयकरण की प्रवणता है, परन्तु यह उसके संगठनात्मक ढाँचे के कारण न होकर, उसके समाजवादी लक्ष्यों और केन्द्र-निर्मित योजनागत विकास के कारण है।" इस कथन की केन्द्र व राज्य सरकारों के बीच संबंधों के संदर्भ में व्याख्या करें। (लगभग *250* शब्दों में)

"There is a tendency of centralism in Indian federalism, but it is not because of its institutional framework but because of its socialist goals and centrally devised plan development." Explain the statement in the context of Union-State relationship. (In about *250* words) 20

*(b)* "पंचायत के प्रकार्यों में सूचना व संचार तकनीकी के उपयोग से कार्यदक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है और यह इस तकनीकी की सार्वजनिक संस्कृति प्रेरित करती है।" परीक्षण करें। (लगभग *250* शब्दों में)

"Use of Information and Communication Technology (ICT) in Panchayat's functions enhances efficiency, transparency and accountability and also induces mass ICT culture." Examine. (In about *250* words) 20

*(c)* "प्रशासनिक अधिकरणों के निर्णयों की न्यायिक समीक्षा इन अधिकरणों की स्थापना के ध्येय को ही विफल करता है।" केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के संदर्भ में टिप्पणी करें। (लगभग *150* शब्दों में)

"Judicial review of administrative tribunal's decisions defeats the very objective of establishing tribunals." Comment with reference to Central Administrative Tribunal. (In about *150* words) 10



www.sakshieducation.com

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित के उत्तर दें जो प्रत्येक *150* शब्दों से अधिक न हो :

Attempt the following in not more than *150* words each : 10×5=50

*(a)* ''आज लोक प्रशासन मात्रात्मक दृष्टि से कम जनतांत्रिक वरन् पहले की अपेक्षा जन आवश्यकताओं की पूर्ति में अधिक गुणात्मक दृष्टिवादी प्रतीत होता है।'' इस कथन का जनकेन्द्रित प्रशासन के संदर्भ में परीक्षण करें।

"Public Administration today tends to be less public in quantitative terms, but more responsive to public needs than before in qualitative terms." Examine with reference to citizen-centric administration.

*(b)* ''निष्पत्ति बजट के विफल होने का कारण है कि उसे ऐसे क्षेत्रों व कार्यक्रमों में लागू किया गया जहाँ मात्रात्मक मूल्यांकन संभव नहीं था।'' निष्पत्ति बजट बनाने में निहित सिद्धान्तों की समीक्षा करें।

"Performance budgeting failed because it was applied to sectors/programmes where quantitative evaluation was not feasible." Examine the principles underlying performance budgeting techniques.

*(c)* ''भारतीय पुलिस की संरचना, भारतीय नागरिकों को 1857 के बाद उसके अधीन करने के लिए हुई थी।'' इस कथन का भारतीय पुलिस अधिनियम, 1861 के संदर्भ में विश्लेषण करें।

"The design of the Indian Police was to subjugate the Indian People in the aftermath of 1857." Analyse in the context of the Indian Police Act of 1861.

*(d)* ''जनपद के भौगोलिक क्षेत्रफल कम करने से अतिभाराक्रांत और अत्यधिक कार्य के दबाव से जिलाधिकारी को राहत मिलेगी।'' टिप्पणी करें।

"Reducing the size (geographical area) of the district will provide relief to the overburdened and overworked collector." Comment.

*(e)* ''सामाजिक अंकेक्षण की अवधारणा परम्परागत अंकेक्षण से अधिक व्यापक है।'' टिप्पणी करें।

"The concept of social audit is more comprehensive than that of traditional audit." Comment.

**6.** *(a)* ''विकेन्द्रीकरण का गाँधीवादी स्वरूप प्रशासन में बदलाव की प्रक्रिया जैसा है।'' सुशासन के संदर्भ में इसका विश्लेषण करें। (लगभग *250* शब्दों में)

"Gandhian model of decentralization is similar to the process of reinventing governance." Analyse in the context of good governance. (In about *250* words) 20

*(b)* ''प्रबंधन के आधार के लिए आवश्यक आर्थिक स्थिति और परिचालन से संबंधित तथ्यों की तत्परता और स्पष्टता से प्रस्तुतीकरण का सार लेखांकन है।'' शासन में लेखांकन प्रणालियों व तकनीकियों के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि करें। (लगभग *250* शब्दों में)

"Accounting is the essence of producing promptly and clearly the facts relating to financial conditions and operations that are required as a basis of management." Substantiate the statement in the context of accounting methods and techniques in government. (In about *250* words) 20



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

(c) भारतीय व राजकीय प्रशासनिक सेवाओं व जनपदीय प्रशासन की समस्याओं पर वी० टी० कृष्णामचारी कमेटी (1962) की प्रमुख अनुशंसाओं का विवरण दें। (लगभग 150 शब्दों में)

Explain the important recommendations of V. T. Krishnamachary Committee (1962) on Indian and State Administrative Services and problems of District Administration. (In about 150 words) 10

7. (a) "यह विचार है कि 73वाँ संशोधन राज्यों और स्थानीय शासनों के मध्य उसी प्रकार की स्थानान्तरण प्रणाली स्थापित करे जैसी केन्द्र व राज्य सरकारों के मध्य है, जिससे राजकोषीय अनुशासनहीनता को बल मिले।" (विश्व बैंक) टिप्पणी करें। (लगभग 250 शब्दों में)

"The 73rd Amendment, it is felt, may accentuate fiscal indiscipline by establishing between States and Local Governments a system of transfers similar to the one in place between the Central and State Governments." (World Bank) Comment. (In about 250 words) 20

(b) "भारत में नगरपालिका प्रशासन के सामने संरचनात्मक व परिचालन चुनौतियाँ होती हैं।" 74वें संशोधन अधिनियम के बाद के संदर्भ में परीक्षण करें। (लगभग 250 शब्दों में)

"Municipal Administration in India faces both structural and operational challenges." Examine in the context of post-74th Amendment Act. (In about 250 words) 20

(c) "स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं के विकास में सांकेतिक सहभागिता से सशक्तिकरण के बदलाव में योगदान किया है।" चर्चा करें। (लगभग 150 शब्दों में)

"Self-Help Groups (SHGs) have contributed to a change in the role of rural women in development—from symbolic participation to empowerment." Discuss. (In about 150 words) 10

8. (a) "भारत में राजनीति का अपराधीकरण तथा अपराधियों का राजनीतिकरण दोनों हुए हैं।" परीक्षण करें और इससे उत्पन्न शांति व्यवस्था बनाए रखने वाले प्रशासन की चुनौतियों को चिह्नित करें। (लगभग 250 शब्दों में)

"There is both criminalisation of politics and politicisation of criminals in India." Examine and identify the challenges they cause for law and order administration. (In about 250 words) 20

(b) "प्रशासक के लिए मूल नैतिक समस्या यह है कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप किस प्रकार अपनी विवेकाधीन अधिकारों का प्रयोग करे।" प्रशासन में भ्रष्टाचार के संदर्भ में टिप्पणी करें। (लगभग 250 शब्दों में)

"The basic ethical problem for an administrator is to determine how he/she can use discretionary power in a way that is consistent with democratic values." Comment with reference to corruption in administration. (In about 250 words) 20

(c) किसी व्यय को भारत की समेकित निधि के अंतर्गत मान लेने के संवैधानिक प्रावधान का औचित्य स्थापित करें। (लगभग 150 शब्दों में)

Justify the constitutional provision to treat certain expenditure as charged upon the Consolidated Fund of India. (In about 150 words) 10

* * *



www.sakshieducation.com